The International School of Bombay

NURTURE • CHALLENGE • SUCCESS

**मूल्यांकन में उपस्थित होने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्देश : -**

१) विद्यार्थी निर्धारित गणवेश (यूनिफार्म) में प्रस्तुत योग्य स्थिति में होना चाहिए।

२) विद्यार्थियों को यह सुनिश्चित करना है कि वह केवल टेबल-कुर्सी पर बैठकर ही परीक्षा देवे।

३) विद्यार्थी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा के दौरान उनके वातावरण में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

४) विद्यार्थी को परीक्षा के लिए प्रकाशवान कमरे का चयन करना चाहिए। विद्यार्थी को आभासी पृष्ठभूमि का चयन नहीं करना चाहिए।

५) छात्रों को एक स्थिर इंटरनेट कनेक्शन के साथ जुड़ने की आवश्यकता होगी। अस्थिर कनेक्शन या बिजली की विफलता की स्थिति में विद्यार्थी को सम्बंधित शिक्षिका को तुरंत इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए।

६) परीक्षा में शामिल होने के लिए आवश्यक ज़ूम आई. डी.और पासवर्ड/लिंक छात्र पेनल पर प्रदान की जायेगी।

७) परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को अपना वीडियो और ऑडियो ऑन (चालु) रखना है।

८) विद्यार्थियों को निर्देश दिए जाते है कि परीक्षा के दौरान अपना ऑडियो वीडियो ऑन (चालु) रखे यदि परीक्षा के दौरान ऑडियो या वीडियो या दोनों को रोका जाता है,तो इसे अनुचित साधनो के उपयोग के रूप में मन जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी को उस पेपर में शुन्य अंक देकर दण्डित किया जाएगा।

९) परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय के १० मिनट बाद परीक्षा में किसी को भी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नही दी जायेगी।

१०) परीक्षा के प्रारम्भ होते ही प्रश्न-पत्र गूगल क्लास रूम पर अपलोड किया जाएगा। छात्रों को प्रश्न-पत्र खोलना है, और बिना देर किये लिखना शुरू करना है।

११) परीक्षा के दौरान, छात्रों को निर्देश दिया जाता है कि वह अपने स्थान से कहीं न जाए और किसी से बात न करे।

१२) छात्रों को यह निर्देश दिया जाता है की वह परीक्षा के दौरान शिक्षक व अन्वेषक से कोई प्रश्न न पूछे।

१३) जैसे ही परीक्षा का समय समाप्त हो जाता है। सभी छात्रों को लिखना बंद करने के निर्देश दिए जाएंगे।

१४) परीक्षा के सुचारु संचालन में बाधा डालने वाली किसी कार्यवाही या भूल को विद्यार्थी की और से अनुशासन हीनता माना जाएगा और उसके अनुसार उसे दण्डित किया जायेगा।

१५) परीक्षा में बैठने के दौरान विद्यार्थियों से उच्चस्तर की ईमानदारी और पारदर्शिता दिखाने की उम्मींद की जाती है।

**सादर धन्यवाद्**

**द इंटरनेशनल स्कूल ऑफ़ बॉम्बे**